हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 8 अक्टूबर 2025

04 महर्षि वाल्मीकि जयंती पर नगर में निकला भव्य...



08 40% बढ़ा स्टांप शुल्क, छोटे दस्तावेजों से लेकर...






## खबर संक्षेप

### कांग्रेस आज करेगी कलेक्ट्रेट का घेराव

**विदिशा।** किसानों की प्रमुख मांगों को लेकर मप्र किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान की मौजूदगी में विवेकानंद चौराहे पर आज आमसभा के बाद कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर भी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कांग्रेस के संगठनों से शामिल होने की अपील की है।

### मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने मनाया स्थापना दिवस

**विदिशा।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर तलैया में आयोजित किया। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला प्रभारी डाक्टर अनिल भार्गव ने कहा कि मप्र राज्य कर्मचारी संघ की स्थापना 6 अक्टूबर 1978 में राष्ट्र श्रषि दत्तोपंत ठेंगड़ी द्वारा अग्रवाल धर्मशाला विदिशा में ही की थी। जो आज वटवृक्ष के रूप में कर्मचारियों के हित में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय शाखा की समस्यायों का निराकरण यथा संभव स्थानीय स्तर पर करें। जिला स्तर पर पत्राचार के माध्यम से संज्ञान में लाएं। सभी कर्मचारियों की समस्यायों ओर मांगों को पूरा करने का कार्य संगठन के माध्यम से निश्चित रूप से किया जाएगा।

### गुलाबगंज पुलिस ने नाबालिग को खोजा

**विदिशा।** 26 सितंबर को थाना गुलाबगंज में 15 वर्षीय नाबालिक बालिका के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। थाना गुलाबगंज पुलिस को अपहृत बालिका को बासौदा क्षेत्र से आरोपी महेन्द्र अहिरवार पिता रामकिशन अहिरवार निवासी हाटखेड़ा के पास मिली। आरोपी को गिरफ्तार किया एवं न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### सुनील मालवीय बने नगरीय प्रशासन प्रकोष्ठ विदिशा के जिला अध्यक्ष



**विदिशा।** नगरपालिका के कर्मचारी सुनील मालवीय को मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रवक्ता अनिल भार्गव ने नगरीय प्रशासन विभाग प्रकोष्ठ विदिशा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। जिला अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद शर्मा ने सुनील मालवीय से संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की आशा जताई। सुनील मालवीय ने जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहेंगे और संगठनात्मक एकता को प्राथमिकता देंगे।

### वाल्मीकि जयंती पर निकली शोभायात्रा

**कुरवाई।** वाल्मीकि जयंती पर नगर में बाल्मीकि समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शीतला माता मंदिर से शुरू होकर पुराना थाना, ब्राह्मण मोहल्ला, बस स्टैंड मालीपुर तिराह, बाल्मीकि मोहल्ला, मुख्य बाजार, मुरलीधर मंदिर होते हुए शीतला माता मंदिर पर प्रसादी वितरण के साथ समाप्त हुई। शोभायात्रा में शामिल लोगों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

### लायंस सदस्यों ने कार्यक्रम में रखे विचार

**विदिशा।** मेंटल हेल्थ एंड वेलवींग बीक के अंतर्गत लायंस क्लब आनंदपुर सद्गुरु को दी गई एक्टीविटी वर्क प्लेस स्ट्रेस मेनेजमेंट के अंतर्गत पूर्व विधायक शशांक भार्गव के फेक्ट्री परिसर में उनके द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ नरेश सोलंकी, विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता डॉ जगमोहन प्रजापति द्वारा उद्बोधन दिया गया। सभी लायंस साथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों का सम्मान किया गया।

---

**कार्यक्रम:** ग्यारसपुर के क्वेटा गांव से शुरू हुआ दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान

## किसानों की दुगुनी आमदनी का रास्ता पशुपालन से संभव: प्रभारी मंत्री पटेल

> खेती का उत्पादन अपनी सीमा पर पहुंच चुका है, परंतु दुग्ध उत्पादन में अपार संभावनाएं हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मंगलवार को जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान कार्यक्रम में शामिल होने ग्यारसपुर के केवटा गांव पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में किसानों की आमदनी दोगुनी करने के संकल्प को साकार करने राज्य सरकार उन्नत नस्लीय पशुपालन को नई दिशा दे रही है। प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने कहा कि किसानों की दोगुनी आमदनी का द्वार पशुपालन से खुल सकता है।




विदिशा। ग्यारसपुर के केवटा गांव में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री पटेल।

उन्होंने कहा कि खेती का उत्पादन अपनी सीमा पर पहुंच चुका है, लेकिन दुग्ध उत्पादन में अपार संभावनाएं हैं। जितने अधिक हम गाय-भैंस पालेंगे, उतना अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। श्री पटेल ने कहा कि खेती, फलोद्यान और दुग्ध उत्पादन ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें आमदनी की कोई सीमा नहीं है। बस हमें आधुनिक संसाधनों का ईमानदारी से उपयोग करना होगा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री पटेल ने ग्राम के प्रगतिशील पशुपालक नितिन दांगी की डेयरी का जायजा किया। उन्होंने बताया कि श्री दांगी 2017 से डेयरी चला रहे हैं और कृत्रिम गर्भाधान (एआई) व एम्ब्रियो ट्रांसफर (ईडीआई) तकनीक से नस्ल सुधार में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि प्रदेश में देशी गौवंश की नस्ल सुधार के लिए विशेष कृत्रिम गर्भाधान अभियान चलाया जा रहा है और प्रत्येक गाय की मॉनिटरिंग राज्य स्तर से की जा रही है। साथ ही सड़कों पर विचरण करती गायों की समस्या के समाधान के लिए हर जिले में 5 से 10 हजार गौवंश की क्षमता वाली गौशालाओं का निर्माण कराया जा रहा है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने भी संबोधित किया। इस दौरान विभागीय अधिकारी सहित प्रशासनिक अफसर मौजूद रहे।

### हर गाय की मॉनिटरिंग की जा रही है: मंत्री पटेल

पशु पालन एवं डेयरी मंत्री लखन पटेल ने कहा कि प्रदेश में गौवंशीय नस्ल सुधार की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। देशी नस्ल की गायों से उन्नत नस्ल की बछिया जन्में इसके लिए कृत्रिम गर्भाधान अभियान विशेष तौर पर संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों की मानिटरिंग के लिए नवीन संसाधनों का अधिक से अधिक दोहन किया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप अब दिन भर में क्या-क्या गतिविधियों का संचालन किया गया। कृत्रिम गर्भाधान के उपरांत हरेक गाय की मानिटरिंग प्रदेश स्तर पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि विभाग के कार्यों से ग्रामीण अवगत हो की पृथक से रणनीति बनाई गई है।

## मां की मौत के बाद दो दिन बाद बेटे ने भी खाया जहर

**परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया**

> *सुनील की बहन ने बताया कि मां के साथ हुए अपमान और भाई को लगातार मिल रही धमकियों के कारण सुनील ने यह कदम उठाया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

राजपूत कॉलोनी में 35 वर्षीय सुनील किरार ने मंगलवार सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

यह घटना सुनील की मां की मौत के एक दिन बाद हुई है, जिन्होंने दो दिन पहले जहर खाया था और कल इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि सुनील और उसकी मां मारपीट की शिकायत करने कोतवाली थाने गए थे, लेकिन वहां उनकी सुनवाई नहीं हुई।

आरोप है कि उन्हें कथित तौर पर धक्का देकर थाने से भगा दिया गया, जिसके बाद मां ने थाने के बाहर ही जहरीला पदार्थ खा लिया था।

### सुनील की मां और पत्नी के बीच हुआ था विवाद



मेडिकल कॉलेज चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर रणवीर सिंह ने बताया कि सुनील किरार की मां और पत्नी के बीच विवाद हुआ था, जो थाने तक पहुंचा था। इसी दौरान महिला ने जहर खा लिया था। उन्होंने बताया कि आज सुबह सुनील ने भी मानसिक तनाव के कारण जहरीला पदार्थ खाया है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। परिजनों ने पुलिस और कुछ पड़ोसियों पर मारपीट तथा मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा आज सौंप सकती हैं उपाध्यक्ष दिवाकीर्ति को वित्तीय प्रभार!

**नपा में चल रहे विवाद से शहर की राजनीति कई दिनों से गरमाई हुई है**

> *नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा वित्तीय प्रभार नपा उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति को सौंपेंगी यह अब लगभग तय हो गया है। संभवतः आज वह उपाध्यक्ष को वित्तीय प्रभार सौंप देंगी। लंबे समय से नपा में चल रहे विवाद के कारण शहर की राजनीति गरमाई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा नगरपालिका में लंबे समय से चल रहा विवाद अब खत्म होने की कगार पर है।

नपाध्यक्ष के खिलाफ लाए जा रहे अविश्वास प्रस्ताव को लेकर एकजुट हुए पार्षद और बार - बार सौंपे ज्ञापनों से शहर का राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ था। इसी बीच कांग्रेस ने भी अपना दांव खेला और नपाध्यक्ष के खिलाफ लाए जा रहे अविश्वास प्रस्ताव को अपना बताया। जबकि भाजपा के कई पार्षदों ने नपाध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव और ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए थे। हाईप्रोफाइल हो चुके इस पूरे मामले में स्थानीय नेता मुख्यमंत्री मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने तक पहुंचे। इसके बाद पार्टी हाईकमान ने बीच का रास्ता निकालते हुए मामले को जल्द सुलझाने पर जोर दिया।

इधर 38 पार्षदों द्वारा कलेक्टर को हस्ताक्षर कर दिए गए आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तब पार्षद समझ गए कि अब अविश्वास प्रस्ताव मुश्किल है तो भाजपा के ही पार्षदों ने यूटर्न मार दिया। सूत्र बताते हैं कि नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा आज नपा उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति को वित्तीय प्रभार सौंप सकती हैं।

## भावांतर योजना के प्रचार के लिए ट्रैक्टर रैली निकाली किसानों को जागरुक किया, 17 तक हो सकेंगे पंजीयन

**पुरानी मंडी से शुरू होकर रैली पीतलमिल, अहमदपुर, नीमताल होते हुए विवेकानंद चौराहे पर समाप्त हुई**

> *योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सरकार द्वारा किसानों के हित में लागू की गई भावांतर योजना के प्रचार और जागरूकता के लिए कृषि कल्याण विभाग ने मंगलवार को ट्रैक्टर रैली निकाली। रैली पुरानी गल्ला मंडी से शुरू होकर पीतल मिल, अहमदपुर रोड और नीमताल होते हुए विवेकानंद चौराहे पर समाप्त हुई। रैली में विधायक मुकेश टंडन, जनपद पंचायत अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, किसान और कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। विधायक कहा कि भावांतर योजना किसानों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आई है। सरकार ने सोयाबीन की फसल में भावांतर देकर किसानों को लाभान्वित किया है। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों का पंजीयन 17 अक्टूबर तक जारी रहेगा। रैली का उद्देश्य हर किसान तक योजना की जानकारी पहुंचाना है, ताकि राज्य सरकार के लक्ष्य के अनुसार खेती को लाभ का धंधा बनाया जा सके।




### देश में बनी वस्तुओं का उपयोग जरुरी: विधायक

विधायक मुकेश टंडन ने किसानों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करने और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को नंबर वन बनाने के लिए देश में बनी वस्तुओं का उपयोग करना आवश्यक है, जिससे देश का पैसा देश में ही रहे।

### ठर्र गांव में आदिवासी युवक ने लगाई फांसी

**विदिशा।** मंगलवार को ठर्र गांव में श्रीराम पुत्र कल्लूराम आदिवासी ने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतरवाया गया। जिसे पीएम के लिए भेज दिया गया है।


### वाल्मीकि जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**गुलाबगंज।** घावरी निवास पर समाजजनों ने महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई। इस अवसर पर जनपद सदस्य सचिन यादव, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी ने रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि को पुष्पांजलि अर्पित की। जनपद सदस्य सचिन यादव ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रामायण का पाठ प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए।

## जिले में अतिवृष्टि से फसलें हुई नष्ट, किसानों को मुआवजा देने की मांग लेकर मुख्यमंत्री के पास पहुंचे विधायक सप्रे

- बारिश के कारण कई किसानों की फसल हो चुकी है बर्बाद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई



विगत दिनों हुई बारिश के कारण सोयाबीन सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा है। ग्रामीण अंचलों में खेतों में खड़ी फसलें जलमग्न हो गईं, जिससे किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों की इसी पीड़ा को देखते हुए कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरि सिंह सप्रे ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की है। विधायक सप्रे ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में बताया कि अतिवृष्टि के चलते जिले की अधिकांश कृषि भूमि पर खड़ी फसलें नष्ट हो चुकी हैं। कई किसानों की मेहनत पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। उन्होंने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा से किसानों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है और तत्काल राहत पहुंचाना आवश्यक है। विधायक सप्रे ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि राजस्व विभाग के माध्यम से त्वरित सर्वे करवाकर फसल नुकसान का आकलन किया जाए तथा प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा राशि का वितरण किया जाए, ताकि उन्हें इस कठिन समय में राहत मिल सके।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सदैव किसानों के साथ खड़ी रही है और इस बार भी प्रदेश सरकार किसानों को निराश नहीं करेगी। मुख्यमंत्री से हुई इस मुलाकात के बाद किसानों में उम्मीद जगी है कि सरकार शीघ्र ही राहत राशि जारी करेगी।

### कलेक्टर के निर्देश पर की मेडिकल दुकानों की जांच

**विदिशा।** वरिष्ठ कार्यालय नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश भोपाल से प्राप्त निर्देश एवं कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में औषधि निरीक्षक द्वारा जिले में समस्त मेडिकल स्टोर्स पर नियमित जांच की जा रही है। अमानक स्तर की दवाई के संबंध में वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देश पर शहर के स्थित मेडिकल स्टोर की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान उक्त बेच नंबर की दवाई नहीं पाई गई। मेडिकल स्टोर पर पाई गई अन्य बेच नंबर की दवाओं का नमूना जांच एवं विश्लेषण के लिए एकत्रित किया गया। सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि जांच रिपोर्ट आने तक उक्त दवाओं का विक्रय न करें एवं जहां भी उनके द्वारा विक्रय किया गया है उनको तुरंत वापस बुला कर कार्यालय खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला विदिशा को यथाशीघ्र सूचित करें।

## बीमा कंपनी को जल्द दें फसलों में हुए नुकसान की जानकारी

**विदिशा।** विदिशा जिले में गत दिवस हुई अचानक बारिश से खेतों में पानी भरने और फसलों में नुकसान होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खापेड़िया ने जिले के ऐसे किसान किसान जिनकी फसलें क्षतिग्रस्त हुई हैं उन से अपील की है कि खेतों में सोयाबीन की फसल बारिश, जलभराव या किसी अन्य प्राकृतिक आपदा के कारण खराब हो गई है, वे निर्धारित समय सीमा में शिकायत दर्ज कराएं। किसान अपनी शिकायत फसल बीमा टोल फ्री नंबर 14447 पर फसल खराब होने के 72 घंटे के भीतर दर्ज करें। इसके अतिरिक्त, किसान वाट्सएप नंबर 7065514447 पर भी अपनी शिकायत भेज सकते हैं।

## फर्जी एससी-एसटी मामले में अधिवक्ता को सजा सुनाई, बोहत ने किया स्वागत

**विदिशा।** हाल ही में लखनऊ की विशेष अदालत में भूमि विवाद के चलते एससी-एसटी एक्ट का फर्जी मामला दर्ज कराने वाले अधिवक्ता को 10 वर्ष के कारावास एवं 2.51 लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता सुभाष बोहत ने इस निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह फैसला न्याय व्यवस्था में जनता के विश्वास को मजबूत करता है और यह संदेश देता है कि कानून का दुरुपयोग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। एडवोकेट बोहत ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम का उद्देश्य सामाजिक न्याय एवं संरक्षण है, लेकिन कुछ स्वार्थी तत्व अपने निजी विवादों या प्रतिशोध के लिए इस कानून का दुरुपयोग करते हैं, जिससे वास्तविक पीड़ितों की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न उठते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में न्यायालय द्वारा दी गई यह सजा एक ऐतिहासिक निर्णय है और सरकार को चाहिए कि इस तरह के फर्जी प्रकरण दर्ज कराने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए ताकि कानून की गंभीरता बनी रहे।

**शरद पूर्णिमा के अवसर पर शहर के विभिन्न जैन मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए गए**

## जैन समाज ने श्रद्धापूर्वक मनाया गुरु अवतरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शरद पूर्णिमा के अवसर पर जैन समाज द्वारा गुरु अवतरण दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

इसी दिन जैन आचार्य विद्यासागर महाराज, वर्तमान आचार्य समयसागर महाराज और आर्यिका ज्ञानमती माताजी का अवतरण हुआ था। इस अवसर पर शहर के विभिन्न जैन मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए गए। अरिहंत विहार स्थित जैन मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा और पूजन का आयोजन हुआ। वहीं माधवगंज स्थित जैन मंदिर में खीर और मिष्ठान वितरण कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन, सकल दिगंबर जैन समाज समिति, शीतल विहार न्यास और दयोदय गो संवर्धन केंद्र उदयगिरि द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति, समाजसेवी अतुल शाह, पूर्व अध्यक्ष राजीव चौधरी, महिला मंडल की सदस्य और समाजजन उपस्थित रहे। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज प्राणी मात्र के कल्याण के लिए पृथ्वी पर अवतरित हुए और उन्होंने समाज को सच्चे जीवन का मार्ग दिखाया। उन्होंने अपने बुजुर्गों से सीखा है कि मानव जीवन को सही दिशा देने के लिए समय-समय पर भगवान अवतार लेते रहे हैं। टंडन ने बताया कि आचार्य श्री ने बहुत पहले ही स्वदेशी, गोपालन और कुटीर उद्योगों के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि आज वही विचार सरकार भी आगे बढ़ा रही है। आचार्य श्री के आदर्श करोड़ों श्रद्धालुओं को प्रेरणा दे रहे हैं, और सभी उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं।



### समाज में सद्भाव और धर्म भावना बनी हुई

समाजसेवी अतुल शाह ने कहा कि आचार्य श्री ने जन-जन तक जिनवाणी का संदेश पहुंचाया और लोगों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया। संजय सेठ ने बताया कि यह दिन तीनों महान संतों के अवतरण का प्रतीक है, जिनके आशीर्वाद से समाज में सद्भाव और धर्म भावना बनी हुई है।



## खबर संक्षेप

### वाहनों से टकरा रही केबल लाइन



**गंजबासौदा।** इन दिनों बेहलोट बायपास मार्ग पर एक होटल के सामने विद्युत मंडल की सर्विस लाइन सड़क से मात्र 6 -7 फीट ऊपर लटकी हुई है। जो वहां से निकलने वाले भारी एवं बड़े वाहनों से टकराकर टकरा रही है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा या अनहोनी घटना हो सकती है। यहां के रहवासियों ने बताया की एक दो बार तो डंपर जैसे बड़े वाहनों में केवल फस चुकी है। रहवासियों ने विद्युत वितरण कंपनी से केबल लाइन ऊपर करने की मांग की है।

### जयस्तंभ चौक पर पुतला जलाया



**गंजबासौदा।** मंगलवार को दोपहर के समय जय स्तंभ चौराहे पर युवाओं ने सिरोंज के रहने वाले असद खान के खिलाफ नारेबाजी की और उसका पुतला जलाया। बीते दिनों असद ने फेसबुक पर भारत माता को डायन कहा था। प्रदर्शन के लिए बड़ी संख्या में युवा जय स्तंभ चौराहे पर एकजुट हुए। उन्होंने असद के पुतले पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। यह प्रदर्शन करीब एक घंटे तक चला। गोलू सेन ने बताया कि असद खान की सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी से देशवासियों की भावनाएं आहत हुईं हैं। इसी के विरोध में यह पुतला जलाया गया है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि असद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। मौजूद अन्य युवाओं ने भी कहा कि भारत माता के खिलाफ जान बूझकर अभद्र शब्दों का प्रयोग किया गया था। जिसको विरोध में लगातार प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

# सुनेटी में वृद्धा की हत्या के चार आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम सुनेटी में हुए वृद्धा की हत्या के मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में त्योंदा थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। वहीं शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है।

ज्ञात हो कि ग्राम सुनेटी में जमीन विवाद को लेकर वृद्ध मनबाई कुर्मी की सोते समय उनके ही सगे बेटों एवं पौत्रों ने कुल्हाडी मारकर हत्या कर दी थी और उनके साथ दूसरे पलंग पर सो रहे उनके छोटे बेटे बलवंत के पुत्र आयुष को गंभीर घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने फरियादी बलबंत कुर्मी व साक्षीगण के कथन लिए और आरोपीगण महाराज सिंह कुर्मी, रामप्रसाद कुर्मी, जितेन्द्र कुर्मी, सोनू कुर्मी, प्रकाश चिढ़ार, रमन चिढ़ार, विकास कुर्मी, आकाश कुर्मी पर धारा 191(1), 191(2), 191(3), 296, 331(8), 351(3),103(1), 109 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया था। इसके बाद पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई कर संभावित स्थानों पर दबिश देकर 24 घंटे के अंदर प्रकरण के चार आरोपीगण महाराज सिंह उम्र 60 साल, रामप्रसाद कुर्मी उम्र 55 साल, प्रकाश चिढार उम्र 54 साल एवं रमन चिढ़ार उम्र 21 साल निवासीगण ग्राम सुनेटी को गिरफ्तार कर लिया गया। इन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में त्योंदा थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी, गौरीशंकर राजपूत, रविन्द्र तोमर, मनमोहन शर्मा, सतेन्द्र, सुभाष चंद्र, अखिलेश शुक्ला, शिवम तोमर, सतीश अलावे, प्रवेश चौधरी, महेन्द्र गौड, प्रदीप अलावे, हरिकेश तोमर की अहम भूमिका रही।



# नगरपालिका के विकास कार्यों का एसडीएम ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को एसडीएम संतोष बिटोलिया ने नगर भ्रमण कर नगर पालिका द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उनके साथ नपा सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव, उपयंत्री मोहिनी कोरी, सुनील यादव, नवल मालवीय, इस्तयाक खान उपस्थित रहे। नगर भ्रमण उपरांत एसडीएम नगर पालिका अमले के साथ फिल्टर प्लांट एवं इंटेक्वेल नौलखी धाम पहुंचे, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया। साथ ही विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण पूर्ण ढंग से कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## नपाध्यक्ष सहित अनेक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर नगर में निकला भव्य चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को महर्षि वाल्मिकी की जयंती वाल्मिकी समाज एवं नागरिकों द्वारा उत्साह एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस मौके पर परंपरानुसार नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसका जगह जगह स्वागत किया गया। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 9 स्थित मंदिर में सुबह से लेकर देर शाम तक पूजन, आरती, भजन, कीर्तन सहित अन्य धार्मिक आयोजन होते रहे।

उल्लेखनीय है कि नगर में महर्षि वाल्मिकी जी की जयंती को उनके अनुयायी ही नहीं अन्य नागरिक भी पूरे श्रद्धाभाव और उत्साह के साथ मनाते आए हैं। इस वर्ष भी इस आयोजन को लेकर पूर्व से ही तैयारियां शुरू हो गई थीं और वार्ड क्रमांक 9 स्थित महर्षि वाल्मिकी मंदिर की रंगाई पुताई के साथ आकर्षक साज सज्जा की गई थी। मंगलवार को महर्षि वाल्मिकी की जयंती पर सुबह से ही मंदिर में विशेष पूजन अर्चन शुरू हो गई। इस मौके पर सुबह विशेष पूजन आरती के बाद प्रसादी वितरण किया गया। इसके बाद दोपहर में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के बाद शाम को चल समारोह निकाला गया। इस चल समारोह में सबसे आगे अश्वारूढ युवक हाथों में धर्मध्वज लिए चल रहे थे। उनके पीछे डीजे की धार्मिक धुनों पर समाज के युवा झूमते हुए शामिल रहे। चल समारोह में महिलाएं एवं युवतियां भी बड़ी संख्या में शामिल रहीं और धार्मिक भजन गाते हुए चल रही थीं। चल समारोह में आकर्षक रथ में बच्चे महर्षि वाल्मिकी एवं माता सीता का वेश धारण किए सवार थे। वहीं महर्षि वाल्मिकी की भव्य और आकर्षक झांकी सजाई गई थी, जो सभी के आकर्षण का केन्द्र रही।





वार्ड क्रमांक 9 से निकला यह चल समारोह नगर के मुख्य मार्गों त्योंदा रोड, मील रोड, रेलवे स्टेशन, सुभाष चौक, नेहरू चौक, आंबेडकर चौक, जयस्तंभ चौक, हनुमान चौक, सावरकर चौक होते हुए पचमा बायपास से वापिस वार्ड क्रमांक 9 स्थित वाल्मीकि मंदिर पहुंचा। जहां विधि विधान से पूजन अर्चन कर उसका समापन किया गया। इस दौरान इस बीच कई लोगों ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। स्टेशन रोड पर लाल बिल्डिंग के पास व्यापारियों एवं नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, मनोज यादव, अनिल अग्रवाल, मनोज डागा, मुकेश अरोरा, अजय जैन, सतीश माहेश्वरी, अशोक जैन, संजीव झंकार, नपा स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा, अभिषेक श्रीवास्तव सहित अनेक लोगों ने स्वागत किया एवं महर्षि बाल्मीकि की पूजन अर्चन की। नगर में निकले इस भव्य चल समारोह का समाज के कई वर्गों, संस्थाओं, संगठनों, नागरिकों ने जगह जगह पूजन अर्चन कर स्वागत कर किया और चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया। कार्यक्रम के अंत में मंदिर में प्रसादी का वितरण हुआ।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो गंभीर घटना के बाद पुलिस ने जब्त किया ट्रक



**गंज बासौदा।** मंगलवार को बरेठ रोड पर एक ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज गति से वाहन चलाते हुए बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई एवं बाइक सवार छोटू कुशवाह और सचिन जाटव गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए शासकीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक तो अपनी अभिरक्षा में ले लिया, लेकिन जब ट्रक को जब्त कर थाना परिसर लाया गया तो वह खाली था और इसी को लेकर नगर में चर्चा हो रही है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विकास शर्मा ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में नगर में अवैध शराब और नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील में अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। नशे और शराब के कारण हालात बिगड़ते जा रहे हैं।

पिछले सप्ताह बड़ी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी गई थी। यह कारोबार लंबे समय से चल रहा था। शर्मा ने बताया, अधिकतर अपराध शराब और नशे के कारण हो रहे हैं। अपराधी बेखौफ हो गए हैं। कुछ दिन पहले डायल 100 पर सूचना मिलने पर पहुंचे हेड कांस्टेबल पर जानलेवा हमला किया गया। चोरी और मारपीट की घटनाएं भी रोज हो रही हैं। उन्होंने कहा नगर में अपराध की घटनाएं बढ़ गई है। अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। पुलिस उन्हें पकड़ नहीं पा रही। शर्मा ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि पुलिस अपराध रोकने में नाकाम है। खाद, बीज और बिजली की व्यवस्था भी खराब है, किसान परेशान हैं। सौंपे गए ज्ञापन में चेतावनी देते हुए कहा गया है कि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस आंदोलन करेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में स्वयं और सिद्धांत का चयन

**गंजबासौदा।** उच्च शिक्षा विभाग खेल कूद प्रतियोगिता में लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के छात्र सिद्धांत अग्रवाल बीकॉम तृतीय वर्ष और स्वयं जैन बीकॉम द्वितीय वर्ष का चयन संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए किया गया। महाविद्यालय खेल अधिकारी मनीष अहिरवार ने बताया कि जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता शासकीय पीएमश्री नवीन महाविद्यालय विदिशा में आयोजित की गई थी। जिसमें जिले के सभी तहसीलों के शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय के छात्रों ने सहभागिता की। जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शतरंज खेल में हमारे शरीर की 20 प्रतिशत ऊर्जा हमारा दिमाग ले लेता है, शतरंज खेल से ब्रेन की सोचने समझने और सामने वाले की कई चालो को पहले सोचना पड़ता और प्लानिंग करनी पड़ती है। शतरंज बहुत अच्छा खेल है ब्रेन का व्यायाम होता है। दोनों खिलाड़ियों ने अपना शानदार खेल दिखाया जिससे उनका चयन संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए किया गया है। संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 8,9 अक्टूबर को शासकीय वीर सावरकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पचौर जिला राजगढ़ में आयोजित की जाएगी। जिसमें महाविद्यालय के छात्र विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर इंद्रा दुबे,उप प्राचार्य डॉक्टर पीयूष दुबे, महाविद्यालय के समस्त विभाग के प्रभारी, प्राध्यापकगण, कार्यलीन स्टाफ, लेखापाल, ग्रंथपाल ने छात्र, छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।





# शरद पूर्णिमा के मौके पर भक्तिमय हुआ नौलखी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शरद पूर्णिमा की शुभ व पावन रात्रि पर स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर, चक्क बालाजी हनुमान मंदिर के अलावा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में सदियों से चली आ रही परंपरा को हर्षोल्लास से निभाते हुए शरद पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया जहां आस्था के साथ भक्तिमय माहौल दिखाई दिया। मंदिरों में जहां भगवान को श्वेत वस्त्र धारण कराये गए, वहीं चंद्रमा की श्वेत किरणों से अमृतमयी हुई खीर का का वितरण भक्तों के बीच किया गया।

महिलाओं ने मावे के लड्डुओं का भोग लगाकर भगवान के साथ अपनी सखियों के बीच वितरित किए। मंदिरों में रात्रिभर भजन संध्या के आयोजन हुए, जिसमें भजन मंडलियों ने एक से बढ़कर एक राधा कृष्ण के प्रेम भरे भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्र मुक्त कर दिया। श्रद्धालुओं ने पूर्णिमा की चांदनी में आराधना करते हुए ईश्वर से आरोग्य, सुख और समृद्धि की कामना की। स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में शरद पूर्णिमा का उत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिर की ऊपरी छत पर खुले आसमान में भगवान का सुंदर मंडप सजाया गया जो झिलमिल रंग बिरंगी रोशनियों और पुष्पहारों से शोभायमान हो रहा था। जहां भगवान लड्डू गोपाल की सुंदर प्रतिमा विराजित कराई गई। पूर्ण चंद्रमा के साथ धवल चांदनी जब खुली फिज़ा में बिखरी, तो मंदिर प्रांगण रंग-बिरंगी रोशनियों से नहा उठा। मंदिर परिसर भक्ति, संगीत और श्रद्धा के दिव्य संगम से आलोकित हो उठा मानो स्वयं श्याम सुंदर उस चांदनी में विराजमान हों। श्याम सुंदर की भक्ति में रमे भक्तजन कीर्तन व भजन में भावविभोर होकर झूम उठे।



हारमोनियम के सुरीली ताल, मंजीरों की झंकार, ढोलक की थाप और श्याम नाम की गूंज ने पूरी रात को भक्तिमय बना दिया। आरती के पश्चात भगवान को खीर का भोग लगाने के बाद भक्तों के बीच वितरित किया गया। चक्क स्वरूप नगर वार्ड 13 स्थित बालाजी हनुमान मंदिर पर शरद पूर्णिमा के मौके पर भजन संध्या का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं को खिचड़ी और खीर का वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी मनोज शर्मा ने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रकिरणों से अमृत वर्षा होती है, इस खीर सेवन का करने से जीवन में आरोग्य व आनंद की वृद्धि होती है। इसलिए खीर प्रसाद की मान्यता है।

## संघ शताब्दी वर्ष में 12 अक्टूबर को निकलेगा पथ संचलन

# स्वयंसेवक संपर्क के साथ दे रहे गणवेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हर घर तक संघ के पहुंचने और प्रत्येक नागरिक को इस गौरवपूर्ण यात्रा में सहभागी बनाने के उद्देश्य को लेकर इन दिनों नगर की 11 बस्तियों में संघ के स्वयंसेवक अपनी पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ घर-घर संपर्क अभियान चला रहे हैं। संपर्क अभियान में नए स्वयंसेवकों को गणवेश दी जा रही है। वहीं प्रत्येक परिवार से एक सदस्य से पथ संचलन में शामिल होने का आग्रह किया जा रहा है।

संघ के परंपरागत पर्व विजयादशमी को इस बार शताब्दी वर्ष के आरंभ के रूप में विशेष रूप से मनाया जा रहा है। विजया दशमी पर नगर में निकलने वाला पथ संचलन इस बार संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 12 अक्टूबर, रविवार को भव्य रूप में निकलेगा, जिसमें सभी 11 बस्तियों के स्वयंसेवक एक स्वर में कदम से कदम मिलाकर संगठन शक्ति का परिचय देते हुए राष्ट्रभक्ति का संदेश देंगे। मालूम हो कि इस बार 2025 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी यात्रा के 100 साल पूरे कर रहा है। शताब्दी वर्ष की यात्रा को गौरवशाली और यादगार बनाने के लिए पूरे नगर में संघ के स्वयंसेवक संपर्क कर रहे हैं। स्वयंसेवकों के उमंग उल्लास से बासौदा नगर में धीरे-धीरे संगठन शक्ति और राष्ट्रभक्ति का वातावरण व्याप्त होने लगा है। संघ की कार्य दृष्टि से बासौदा 11 बस्तियों में विभाजित है जिसमें स्वयंसेवक एक नगर, एक ध्येय के साथ संघ की विचारधारा के अनुसार कार्य कर रहे हैं। संघ नगर कार्यवाह के अनुसार 12 अक्टूबर को 11 बस्तियों से स्वयंसेवक कतारवद होकर अपनी अपनी बस्तियों से निकलते हुए जयस्तंभ चौराहे से होते हुए तारण तरण पाठशाला में एकत्रित होंगे।

# पुण्यतिथि पर मातृशक्ति को वस्त्र भेंट किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को चंद्रशेखर नीलू चौबे की माता की पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा बस्ती में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माताजी के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। इस दौरान मातृशक्ति को वस्त्र भेंट किए गए, यह सेवा कार्य 30 वर्षों से किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश तिवारी, नगर पालिका सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जीतेन्द्र मैना, व्यापार महासंघ अध्यक्ष विपिन तिवारी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन रघुवंशी, भजनलाल प्रजापति, जगदीश शर्मा, अमित मिश्रा, अतुल ताम्रकार, विपिन शर्मा, राकेश विश्वकर्मा, सुखजीत सिंह काके, विजय शर्मा, धीरेन्द्र सिकरवार, अंकुर पिंगले, अर्पित शर्मा सहित अनेक गणमानय नागरिक, वार्डवासी उपस्थित रहे।

### उदयपुर के वार्ड 12 में उपद्रवियों के आतंक से वार्डवासी परेशान

**गंजबासौदा।** ग्राम उदयपुर के वार्ड क्रमांक 12 में उपद्रवियों के आतंक से रहवासी परेशान हैं। रहवासियों ने उदयपुर सहायता केंद्र पहुंचकर एक शिकायती आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने बताया कि शाहिद एवं रिहान नामक युवक मोहल्ले में पत्थरबाजी कर रहे हैं। जिससे घरों के अंदर रहने वाले व्यक्ति परेशान हैं। दोनों उपद्रवियों के द्वारा पत्थर फेंकने से दो लड़कों के हाथ में चोट लगी है एवं शरद पूर्णिमा के पूजन कर रही शारदा के घर तुलसाने में विराजे शंकर जी की मूर्ति में जा लगा। जिससे मूर्ति क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे वार्ड में रहने वाले रहवासियों में रोष व्याप्त है। जिससे रहवासी उदयपुर सहायता केंद्र पर दर्जनों महिलाओं के साथ पहुंचकर शिकायती आवेदन देकर उपद्रवियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान डालचंद साहू , शरीफन बी, फिरोज बी, रिजवान खान सहित अनेक वार्डवासी मौजूद थे।



### आईजा के जैन पत्रकार महाकुंभ में संत हुए सम्मानित, पत्रकार किए गए विभूषित

# धर्म के नाम चल रही गलत प्रवर्तियां बंद कराने आईजा परिवार को आपका साथ चाहिए: हुंडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा द्वारा जैन पत्रकारो के महाकुंभ में परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज को राष्ट्रीय संत की उपाधि से विभूषित किया गया। वही आईजा के प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार एडवाकेट राजीव जैन सैनानी को आईजा रत्न की उपाधि से विभूषित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया,सांसद सदस्य डॉ लता वानखेडे,पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य,पूर्व विधायक सुनील जैन सागर,पूर्व विधायक जशपाल सिंह जज्जी अशोकनगर सहित देश के कोने कोने से आए पत्रकारो व मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।








## धर्म में बढ़ता शिथिलाचार ख़त्म करने संतों का साथ मिले

धर्म के नाम व्यापार और बढ़ता शिथिलाचार खत्म करने के लिए संतों का साथ चाहिए ये बात कहते हुए हार्दिक हुंड़िया ने कहा कि जब महाराजा वर्धमान कुमार सब कुछ त्याग करके भगवान महावीर बने थे। तो उनके नाम से व्यापार क्यों। धर्म के नाम व्यापार और बढ़ता शिथिलाचार की चिंता व्यक्त करते हुए उन्होने मध्य प्रदेश के अशोकनगर में विराजित परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज से कहा कि धर्म के नाम जो गलत प्रवर्तीया बंद कराने आईजा परिवार को आपका साथ चाहिये। जिस पर मुनि सुधा सागर जी ने कहा कि कलम के माध्यम से देश का भाग्य लिख सकते है। मध्य प्रदेश,गुजरात,महाराष्ट्र,उत्तर प्रदेश से आए बड़ी संख्या में पत्रकारो के महाकुंभ में हाजरी दी। वही सब को एक होने का समय आ गया है। हार्दिक हुंडिया ने कहा मैं श्वेतांबर हूं,मैं तेरा पंथी हूं,मैं दिगम्बर हूं,मैं स्थानकवासी हूं। लेकिन हमे यह संप्रदाय वाद भूल कर हम सब जैन है ये नहीं भूलना चाहिये। हम हमारे पंथ के मुताबिक़ भले चले, लेकिन जब प्रभु महावीर के धर्म की बात आती है तब हम सब भगवान महावीर के अनुयाई बने। आईजा की तरफ़ से पूज्य सुधा सागर जी महाराज को गाजे बाजे के साथ राष्ट्रीय संत की उपाधि दी गई। वही उन्होने कहा की संतों का उपकार का

### गायक प्रखर ने बांधा समा

इसमें इंदौर से आए प्रसिद्ध गायक कलाकार प्रखर जैन ने मंगलाचरण के पश्चात नमोकार महामंत्र की महिमा मुनि श्री सुधा सागर महाराज की त्याग और तपस्या को लेकर सुंदर भजनो की प्रस्तुति दी। तो वही उपस्थित जन समूह ने प्रखर जैन के भजनो पर जमकर नृत्य किया। आईजा ने प्रखर का स्वागत सम्मान किया।

### विचार और मूल्यों के आधारित पत्रकारिता का महोत्सव

इसमें सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कहा कि इस सम्मेलन के बारे में यही कहुंगी कि यह विचार और मूल्यों के आधारित पत्रकारिता का महोत्सव है। हम सब इसको महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। पत्रकार समाज का दर्पण होता है। और पत्रकार जो उनकी दृष्टि होती है वो सत्य और समर्पण की होती है और जिस तरह से संविधान में अभिव्यक्ति का अधिकार दिया है। उसका पूरा उपयोग अगर कोई करता है तो वह केवल पत्रकार बंधु ही करते है। वही पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने बताया कि शिथिलाचार कही पर भी नज़र आता है तब हार्दिक जी की कलम चलती है। एक पेपर के अंदर नेगेटिव न्यूज़ होती है। पत्रकार कलम के जादुगर है और में यही कंहूगा कि आप सब को सकारात्मक समाचार ही चलाना है। इस अवसर पर जैन दर्शन एक्सप्रेस चैनल का उद्घाटन भी सांसद डॉ. लता वानखेड़े, पूर्व मंत्री प्रदीप जैन, आईजा अध्यक्ष हार्दिक हुंडीया,राजीव जैन के हाथों से हुआ। आईजा महिला पत्रकारो के संगठन का गठन किया गया। वही महिला पत्रकारो को राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने शपथ दिलाई। एक और नए चैनल जैन दर्शन एक्सप्रेस का विमोचन किया गया।

### मुनिश्री को राष्ट्रीय संत की दी गई उपाधि

ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया द्वारा घोषणा की गई कि हमारे पूज्य गुरू देव जिनके सानिध्य में यह भव्य कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। उन्हें हम आज राष्ट्रीय संत की उपाधि दे रहें है। जब राष्ट्रीय संत की उपाधि के लिए पत्रकारो ने बैंण्ड बाजो के साथ एक लंबे समूह में आकर नृत्य करते हुए मंच पर पहुचकर राष्ट्रीय संत की उपाधि का विमोचन सांसद,विधायक,पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने अपने कर कमलो द्वारा किया। साथ ही गुरूवर को उपाधि से विभूषित किया। जैसे ही राष्ट्रीय संत की उपाधि की घोषणा हुई तो कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारगण व भक्त खुशी से झूम उठें। इस अवसर पर आगरा से आए वरिष्ठ समाजसेवी मनोज वाकलीवाल ने मुनि श्री के जीवन व्रत पर परिचय दिया।

### आईजा रत्न की उपाधि से वरिष्ठ पत्रकार राजीव जैन सैनानी हुए सम्मानित

मध्यप्रदेश आईजा के अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी को आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया द्वारा आईजा रत्न की उपाधि से सम्मानित किया। इस मौके पर हार्दिक हुंडिया ने अपने उदबोधन में कहा कि राजीव जैन सैनानी द्वारा हमेशा ही अपनी कलम के माध्यम से समाज व पत्रकारो के हितो की लडाई लडी है। आज यदि देखा जाए तो उनके द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में ऐसे ऐसे उत्कृष्ट कार्य किए गए है जो आज भी जाने जाते है। यदि कलम का सही उपयोग करना है और सच को दुनिया के सामने लाना देखना है तो वह श्री सैनानी से सीखा जाए।

### आईजा महिला विंग का शपथ ग्रहण

आईजा व पत्रकारिता के क्षेत्र में पहली बार महिला पत्रकारो का आईजा ने महिला विंग का गठन किया। जिसमें आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने समस्त महिला पत्रकारो को शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर महिला विंग की राष्ट्रीय संरक्षक सुनीता हुंडिया,सुश्री रानी जैन,श्रीमति नम्रता जैन सैनानी,श्रीमति मंजू जैन भोपाल,श्रीमति मीना सिंघवी,श्रीमति किरण रांका,डॉ किरण जैन,श्रीमति रानी जैन बगरौदा,श्रीमति सुप्रिया जैन सहित बडी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित महिला पत्रकारो से शपथ ग्रहण की। इस मौके पर आईजा के राष्ट्रीय महामंत्री महावीर श्रीश्रीमाल,राष्ट्रीय सलाहकार प्रदीप जैन इंदौर,आईजा महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष आलोक काकलीवाल,प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी,प्रदेश सलाहकार एडवोकेट अभय जैन भाईया जी ने अपने विचार व्यक्त किए।

### इन महानुभावों का हुआ सम्मान

आईजा द्वारा आयोजित पत्रकारो के महाकुंभ में राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया,सांसद डॉ लता वानखेडे,पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य,पूर्व विधायक सुनील जैन,सुनीता हुंडिया,राष्ट्रीय महामंत्री महवीर श्रीश्रीमाल,प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी,वरिष्ठ भाजपा नेता गुडडू वानखेडे,प्रदेश उपाध्यक्ष शोभित जैन,राजेश जैन बीना,सौरभ जैन,डॉ राजीव जैन बंटी,जिलाध्यक्ष गौरव जैन,अभय जैन भाईया जी,गुजरात अध्यक्ष आनंद दोषी,महाराष्ट्र अध्यक्ष आलोक काकलीवाल,डॉ एम.एल जैन,सुनील जैन,उमेश जैन,वरिष्ठ भाजपा नेता मान सिंह रघुवंशी,वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष बोहत,अमित जैन,संदीप जैन,प्रदीप जैन,भरत सेठ छतरपुर,जीवन लाल जैन चाय वाले,राजेश सिंघई,संजय जैन,अंकित जैन,सतीश जैन आदि का कार्यक्रम में भव्य स्वागत सम्मान किया गया।



## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत गढ़ाकोटा से 11 तीर्थ यात्री द्वारकाधीश के लिए रवाना हुए

**गढ़ाकोटा**। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत गढ़ाकोटा नगर से चयनित 11 तीर्थ यात्रियों को पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव एवं नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने फूल माला पहनकर स्वागत कर गढ़ाकोटा से एक वाहन द्वारा सागर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया। जहां से तीर्थ यात्री ट्रेन द्वारा द्वारकाधीश के लिए प्रस्थान किया। तीर्थ यात्रियों को संबोधित करते हुए पं .भार्गव ने कहा कि ट्रेन वातानुकूलित है। तीर्थ यात्रियों को चाय नाश्ता, भोजन सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाती हैं। नगर से 11 तीर्थ यात्री द्वारकाधीश के लिए जा रहे हैं सभी को शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर मनोज तिवारी, प्रभारी तेज प्रताप पटेल, समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।

## स्वास्थ्य के चार स्तंभों का यौगिक-वैज्ञानिक पक्ष जानने से अपने से जुड़ेंगे: भगत सिंह योगाचार्य




**सागर**। पतंजलि योग समिति सागर के तत्वाधान मेगा सिटी करुणा निधि मंदिर परिसर के पार्क में पांच दिवसीय इंटीग्रेटेड विशेष योग शिविर का शुभारंभ भगत सिंह योगाचार्य राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति म प्र पूर्व ने मंत्रोच्चारण से किया। उन्होंने बताया कि यह विषय योगशास्त्र, आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान तीनों के संगम पर आधारित है। उन्होंने स्वास्थ्य को समझाते हुए कहा कि 'स्वास्थ्य' शब्द स्व अर्थात आत्मा और स्थ अर्थात स्थित रहनासे बना है अर्थात जो अपने स्वभाव में स्थित हो वही स्वस्थ है। चरक संहिता में कहा गया है "समदोषः समाग्निश्च समधातुमलक्रियः ,प्रसन्नात्मेनद्रियमना स्वास्थ इत्यभिधीयते॥" अर्थात जब शरीर के दोष वात, पित्त, कफ, धातुएँ, मल, अग्नि संतुलित हों, और मन, इंद्रियाँ, आत्मा प्रसन्न हों यही स्वास्थ्य है । स्वास्थ्य के चार स्तंभ पूर्ण निद्रा, पूर्ण आहार, पूर्ण व्यायाम, पूर्ण कर्म ये वास्तव में यौगिक जीवन के चार वैज्ञानिक स्तंभ हैं। पूर्ण निद्रा योग में निद्रा केवल शरीर की विश्रांति नहीं, बल्कि मन की पुनर्संरचना है।योगनिद्रा अभ्यास से पैरासिम्पेथेटिक नर्वस सिस्टम सक्रिय होता है, जिससे कॉर्टिसोल तनाव हार्मोन घटता है।गहरी नींद से टिश्यू रिपेयर, हार्मोन संतुलन और मानसिक स्थिरता बढ़ती है। आयुर्वेद कहता है: "निद्रा हि बलं लभ्यते।" निद्रा से ही बल, वर्ण और आयु मिलती है। पूर्ण आहार सात्त्विक भोजन योग में भोजन को प्राण का स्रोत कहा गया है। सात्त्विक, जैविक, स्थानीय और मौसमी भोजन शरीर की सेलुलर ऊर्जा को बढ़ाता है। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टि से सात्त्विक आहार ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस घटाता है, गट माइक्रोबायोम सुधारता है।

## कथा के दूसरे दिन गूंजा गैलपुर में भागवत का दिव्य ज्ञान

◆ हे महात्मा, जो व्यक्ति मृत्यु के निकट हो, उसे जीवन के अंतिम समय में क्या करना चाहिए, किसका चिंतन करना चाहिए : पंडित भूपेंद्र शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ सिलवानी



गैलपुर ग्राम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति के बीच कथा वाचक पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की लीला एवं परीक्षित श्राप प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा स्थल भक्ति और श्रद्धा के वातावरण से ओतप्रोत रहा।

कथा के आरंभ में शास्त्रीजी ने बताया कि महाभारत के युद्ध के पश्चात जब युधिष्ठिर राजा बने, तो उनके वंशज राजा परीक्षित ने धर्म के मार्ग पर चलते हुए संपूर्ण पृथ्वी पर न्याय स्थापित किया। परंतु एक दिन शिकार के दौरान वे एक ऋषि के आश्रम में प्यासे और थके हुए पहुंचे। ऋषि ध्यानमग्न थे और राजा को कोई उत्तर नहीं मिला। क्रोधित होकर परीक्षित ने मरे हुए साँप को ऋषि के गले में डाल दिया। यह घटना ऋषि के पुत्र ने देखी और क्रोध में आकर राजा परीक्षित को 7 दिन में मृत्यु का श्राप दे दिया।

कथावाचक ने बताया कि श्राप प्राप्त करने के बाद राजा परीक्षित ने अपना राजपाट त्याग दिया और गंगा तट पर जाकर समाधि में लीन हो गए। वे मृत्यु के भय से विचलित नहीं हुए, बल्कि आत्मा के कल्याण के लिए मार्ग की तलाश में जुट गए।

## आबकारी विभाग की अवैध मदिरा पर कार्रवाई, 6 आरोपी गिरफ्तार

### सात प्रकरण दर्ज, महुआ लाहन किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

अवैध मदिरा विक्रय एवं विनिर्माण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 6 अक्टूबर एवं 7 अक्टूबर को प्राप्त सूचनाओं के आधार पर वृत्त के विभिन्न स्थानों यथा नयागांव, गूगलबाडा, पथरई, सेमरी, नारादखेडा एवं पीपलवाली में दविश देकर आबकारी उप निरीक्षक राजेश विश्वकर्मा द्वारा कार्यवाही की गई।

सोनिया रायसिख, संगीता धाकड, कृष्णा बाई रायसिख, गुलाब सिंह रजक, सोनू साहू एवं राजकुमारी रायसिख सहित कुल 06 आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया, एक आरोपी मौके पर नहीं मिलने एवम उसकी पहचान न होने से अज्ञात में प्रकरण कायम किया जाकर कुल 07 प्रकरण कायम कर विवेचना में लिए गए।उक्त कायम प्रकरणों में 15 पाव देशी प्लेन मदिरा,



16 पाव देशी मसाला मदिरा, 70 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त की एवं 400 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया जाकर सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया।

उक्त प्रकरण म. प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34-1 (क) तथा (च) के तहत कायम किए गए द्य जप्त मदिरा एवं लाहन का बाजार मूल्य 56 हजार 800 रुपए आंकलित किया गया।

कार्यवाही में आरक्षक रामस्वरूप पटेल , महिला आरक्षक सुश्री श्वेता शिवहरे सैनिक राकेश शर्मा एवं हल्के सिंह परते का सराहनीय सहयोग रहा।

## कदम ताल करते हुए गणवेशधारी स्वंयसेवकों का निकला पथ संचलन

### कार्यक्रम में जिला प्रचारक हीरा का हुआ बौधिक

◆ शताब्दी वर्ष में पथ संचलन निकलने की श्रृंखला में आज भी निकलेगा पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण हो चुके है। शताब्दी वर्ष में दशहरा पर्व से मंगलवार तक 4 पथ संचलन नगर के विभिन्न हिस्सों में निकाले जा चुके है। आज 8 अक्टूबर को रामलीला मैदान से महावीर बस्ती का 5 वां पथ संचलन निकाला जाएगा। जिसकी स्वंय सेवकों द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। कदमताल करते निकले।

वहीं मंगलवार को नाहर कॉलोनी स्थित तेज रतन नाहर पार्क से भगत सिंह बस्ती का पथ संचलन




प्रारंभ हुआ। सैकड़ों पूर्ण गणवेशधारी स्वंय सेवक घोष बैंड गीत गायन के साथ कदम ताल करते हुए नाहर कालौनी, नाहर नगर, किनगी रोड, महावीर नगर एवं मारूति नगर की प्रमुख सडको का भ्रमण किया। पथ संचलन का मारूति नगर में समापन हुआ। जहॉ सेवानिवृत डॉ. बीडी यादव की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में जिला प्रचारक हीरा जी का बौधिक हुआ।

संघ की स्थापना, उददेश्य और समाज के बीच होने वाली गतिविधियों की विस्तार से जानकारी और चर्चा की गई।

### आज भी पथ संचलन

नगर में आरएसएस द्वारा निकाले जा रहे बस्ती बस्ती पंथ संचलन में आज 8 अक्टूबर बुधवार को रामलीला मैदान से महावीर बस्ती का पथ संचलन प्रारंभ होगा। पथ संचलन में सेकडो की संख्या में गणवेष धारी स्वंय सेवक भाग लेंगे।

## बार-बार बदल रहा मौसम, धान की फसलों पर रोगों का प्रकोप

◆ धान में निकली बालियां, सूख रही पत्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

बाडी, बरेली, उदयपुरा तहसीलों में व्यापक स्तर पर धान की खेती होती है। क्षेत्र में औसत से डेढ गुना बारिश होने के साथ बार-बार ठंडा गर्म मौसम धान में रोग लगने का कारण बन रहा है। अधिकांष धान में बालियां निकल चुकी है और धान पकने की प्रक्रिया शुरू होने के बीच पिछले दिनों हुई बारिश से खेतों में भारी नमी के कारण पकने की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है।

धान फसलों में जड माहू, बीएलबी रोग के कारण पत्तियां पीली पड रही है। इस वर्ष धान की रोपाई के बाद शुरू हुआ बारिश का दौर थमनें का नाम नहीं ले रहा है। अधिकतम एक सप्ताह बारिश नहीं होती उसके बाद बारिश होने से धान की सेहत खराब हो रही है। किसानों



द्वारा पिछलें महिनों में धान को रोगों से बचाने बार-बार कीटनाषकों का उपयोग किया जाता रहा। जिससे धान की प्रति एकड़ लागत बढ़ती ही जा रही है। धान कटाई नवंबर, दिसंबर में होने की संभावना है। धान के पौधों में बालियां आ गई है। जिससे तने में भार बढ गया। जैसे ही हवाएं चलती है, बारिश होती है, तो बालियों पौधों में पानी का भार आ जाने से फसलें आडी होने लगती है।

कृषि विभाग द्वारा फसलों को रोगों से बचाव के लिए सतत निगरानी की सलाह दी जा रही है।

### आसपास की 4 ग्रापं. मिलाकर 50 हजार से अधिक होगी जनसंख्या

## नपं. बरेली बनेगी नगर पालिका, अधिसूचना जारी

◆ 90 के दशक तक थी बरेली नगर पालिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

16 जून को बरेली आए प्रदेष के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने क्षेत्र के विधायक एवं सरकार में राज्यमंत्री नरेन्द्र पटेल की अनेक मांगो को पूरा करने की घोषणा की थी। इसी में एक मांग थी बरेली को नपं. से नगर पालिका बनाना।

मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल और नगर पालिका बनाने की दिशा में ग्रापं. कामतोन, धोखेडा, कोटपार गणेश और नदी पार ग्राम पंचायत जनकपुर के सुल्तानपुर खेड़ा को मिला कर नगर पालिका गठन की अधिसूचना कलेक्टर द्वारा जारी कर दी गई है। आपत्ति आमंत्रित की गई है।

1990 के दषक तक बरेली नगर पालिका थी। मध्य भारत प्रांत और 1956 में म.प्र. बनने के समय बरेली टाउन एरिया थी। जिसके प्रथम

### मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल की प्रक्रिया शुरू




अध्यक्ष स्व. मन्ना लाल बिदुआ वर्षो तक रहें। 1978 के चुनाव भी नगर पालिका के रूप में हुए। लम्बे समय तक प्रषासकों के अधीन रहने के बाद 1995 में नगर परिषद के रूप में पहला चुनाव हुआ। जिसमें कुल 15 पार्षद चुने गए और पहले अध्यक्ष स्व. मदन लाल झवर और उपाध्यक्ष सुरेष बिदुआ 5 वर्षो तक रहें। वर्षो पूर्व तक नपं. के रूप में कभी मतदाताओं से सीधे तो कभी पार्षदों के द्वारा अध्यक्ष उपाध्यक्ष चुने जाते रहें।

### होगा तेजी से विकास

अब मुख्यमंत्री की घोषणा के पालन में लगभग 30-35 वर्षो बाद बरेली नगर पालिका बनने से नगर के विकास, निर्माण कार्यो को तेज गति मिलने के साथ कर्मचारियों की संख्या बढ़ने, अध्यक्ष, सीएमओ के वित्तीय अधिकार बढ़ने के साथ नपं. का वार्षिक बजट भी बढेगा। अधिसूचना जारी 30 दिन में दावें आपत्ति बरेली नगर पालिका गठन के लिए 23 सितम्बर को अधिसूचना जारी की गई है। 30 दिनों में दावें आपत्ति आमंत्रित की गई है। कोई आपत्ति नहीं आती है, तो इसी या अगले माह तक बरेली को नगर पालिका बनाए जाने की घोषणा किए जाने की संभावना है।

## शपथ पत्र से लेकर एग्रीमेंट तक सब महंगा, मध्यमवर्गीय परिवार परेशान

# 40% बढ़ा स्टांप शुल्क, छोटे दस्तावेजों से लेकर संपत्ति अनुबंध तक हुए महंगे

◆ अधिकारी बोले यह उच्च स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों का फरमान है हम इसका कड़ाई से पालन कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

प्रदेश सरकार ने 9 सितंबर 2025 से एग्रीमेंट रजिस्ट्री प्रॉपर्टी के शपथ पत्र, अनुबंध आदि में स्टाम्प ड्यूटी शुल्क बढ़ा दिया है जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है जिससे लोगों में नाराजगी भी बढ़ रही है। अधिकारी बोले यह उच्च स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों का फरमान है हम इसका कड़ाई से पालन कर रहे हैं। इसमें हमारा कोई कसूर नहीं है।



सब रजिस्टार कार्यालय रायसेन मे पक्षकारों ने बताया कि रजिस्ट्री के दौरान सबसे अधिक समस्या जियो टैगिंग पर आ रही है। संपदा 2.0 व्यवस्था में सभी रजिस्ट्री अनिवार्य की गई हैं। ऐसे में करीब 50 प्रतिशत भूखंडों की लोकेशन सटीक नहीं मिल रही। जिससे पक्षकार और सर्विस प्रोवाइडर दोनों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। हालांकि नई व्यवस्था में अब गवाहों को उप पंजीयक कार्यालय रायसेन आने की जरूरत नहीं है।

### रजिस्ट्री के दौरान जियो टैगिंग बनी सबसे बड़ी समस्या




### मध्यम वर्गीय पर बढ़ा बोझ

स्टांप ड्यूटी बढ़ने का सीधा असर मध्यम और निम्न वर्गीय परिवारों पर पड़ा है। शपथ पत्र, किराए के अनुबंध और छोटे-छोटे सरकारी कार्यों के लिए आवश्यक दस्तावेज अब कई गुना महंगे हो गए हैं। इससे नौकरीपेशा और किरायेदार वर्ग सबसे अधिक परेशान है।

### नई दरें 9 सितंबर 2025 से लागू

| | पहले | अब | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| ■ शपथ पत्र | 50 | 200 | (300 प्रतिशत बढ़ोतरी) |
| ■ संपति एग्रीमेंट | 1000 | 5000 | (400 प्रतिशत बढ़ोतरी) |
| ■ 50 लाख का एग्रीमेंट | 500 | 1000 | (100 प्रतिशत बढ़ोतरी) |
| ■ सहमति विलेख | 1000 | 5000 | (400 प्रतिशत बढ़ोतरी) |
| ■ किराया एग्रीमेंट | 500 | 1000 | (100 प्रतिशत बढ़ोतरी) |
| ■ रजिस्ट्री सुधार | 1000 | 5000 | (400 प्रतिशत बढ़ोतरी) |
| ■ अनुज्ञप्ति बंदूक | 5000 | 10000 | (100 प्रति. बढ़ोतरी) |
| ■ अन्य हथियार अनुज्ञप्ति | 2000 | 5000 | (150 प्रतिशत बढ़ोतरी) |

**स्टांप शुल्क में भारी बढ़ोत्तरी से आमजन हो रहे परेशान**

*सरकार ने 11 साल बाद स्टांप शुल्क में बढ़ोत्तरी की है। जमीन या प्रॉपर्टी के अनुबंध, शपथ पत्र, पावर ऑफ अटॉर्नी, दान पत्र और किराया एग्रीमेंट जैसे 12 प्रकार के दस्तावेज अब पहले से कई गुना महंगे हो गए हैं। आमतौर पर 50 रुपए में होने वाला शपथ पत्र अब 200 रु. में मिलेगा, जबकि संपति खरीद अनुबंध पर 1000 की बजाय 5000 रुपए का शुल्क देना होगा। इसी तरह अन्य दस्तावेजों पर भी 100 से लेकर 400 रूपए तक वृद्धि हो गई है।*

### स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाकर सरकार का उद्देश्य राजस्व बढ़ाना

उप पंजीयक अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि स्टांप ड्यूटी पर वृद्धि के साथ ही रजिस्ट्री अधिनियम में भी अब संशोधन किया गया है। अब होम लोन और कृषि ऋण खत्म होने के बाद बैंक को दस्तावेज ऑनलाइन भेजने की जिम्मेदारी दी गई है। जिससे पक्षकार को दोबारा रजिस्ट्री कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पूरी प्रक्रिया ई-फाइलिंग के जरिए संपन्न होगी, सरकार का उद्देश्य राजस्व बढ़ाना बताया जा रहा है। लेकिन मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ने से नाराज हैं।

### प्रॉपर्टी अनुबंध, शपथ पत्र अन्य दस्तावेजों पर बढ़ाया शुल्क

जिला पंजीयक अधिकारी रजनीश सोलंकी ने बताया कि प्रदीप सरकार ने 9 सितंबर 20 25 से जमीन प्रॉपर्टी अनुबंध, शपथ पत्र अन्य दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाई है। यह आला अफसरों के उच्च स्तरीय निर्देश जिनका कड़ाई से पालन किया जा रहा है।

### कई गुना बढ़ी लागत

स्टाम्प ड्यूटी बढ़ने पर पक्षकारों का कहना है पहले जो दस्तावेज आसानी से हो जाते थे। अब उनकी लागत कई गुना हो गई है। कई लोग अब दबी जुबान से इस फैसले का विरोध कर रहे हैं।

# किसानों के खेतों से कृषि यंत्र चोरी

### किसानों ने कोतवाली थाना में दर्ज कराई चोरी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के ताजपुर मोहल्ला वार्ड 13 में अज्ञात चोरों ने किसानों के खेतों पर धावा बोलकर कृषि उपकरण चोरी कर लिए। यह घटना 5 अक्टूबर की रात को हुई, जिसका खुलासा मंगलवार सुबह किसानों के खेत पहुंचने पर हुआ। किसानों ने तत्काल थाना कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

चोरों ने कृषि उपकरणों में बोरवेल से केबल और कुछ बैटरी चुराई है। चोरों ने किसान चंद्रपाल यादव की 1000 फीट केबल, राजीव यादव की 150 फीट, रूप सिंह की 150 फीट, मनफूल की 200 फीट, राहुल यादव की 100 फीट, मनमोहन यादव की 150 फीट, रामपाल सिंह की 200 फीट, इंद्रपाल की 100 फीट और चंद्रभान की 150 फीट केबल की चोरी की है। इसके अलावा, गोपाल की 200-200 फीट रस्सी और केबल अरविंद यादव की दो बैटरी और चेक व्हील भी चोरी हो गए।

किसानों ने बताया कि वे अपने खेतों पर गए, तो उन्होंने देखा कि बोरवेल से केबल गायब है। आसपास में तलाशने और लोगों से जानकारी लेने के बावजूद भी चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद सभी पीड़ित किसान थाना कोतवाली पहुंचे और चोरी की वारदात की शिकायत दर्ज कराई।



### किसानों ने एक व्यक्ति पर संदेह जताया

किसानों ने अपनी शिकायत में एक व्यक्ति पर संदेह व्यक्त किया है, जो ताजपुर महल झुग्गी बस्ती का निवासी है। किसानों के अनुसार, 5 अक्टूबर को दिन के समय युवक को खेतों के आसपास, तालाब और बाड़े के पास आते-जाते देखा गया था। किसानों को आशंका है कि इसी व्यक्ति ने चोरी की इस घटना को अंजाम दिया है। किसानों ने पुलिस प्रशासन से मौके पर जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने यह भी आशंका जताई है कि अज्ञात चोर भविष्य में भी उन्हें नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# बेरखेड़ी चौराहा पर कार-बाइक की टक्कर, एक युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर बेरखेड़ी चौराहा पर एक दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गया। ग्राम सोजना निवासी युवक अपनी बाइक से जा रहा था, तभी सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और चालक को चोटें आईं। घटना के बाद राहगीरों ने घायल युवक को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। सूत्रों के अनुसार हादसे के बाद कार चालक और घायल युवक के बीच बातचीत हुई, जिसमें दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से मामला निपटा लिया। इस कारण सलामतपुर पुलिस थाने में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई।

स्थानीय लोग हाईवे पर बढ़ती वाहनों की रफ्तार और सावधानी की कमी को ऐसे हादसों का कारण मानते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील कर रहे हैं।

### पेड़ से जा टकराई बाइक चालक की मौके पर मौत

रायसेन। जिले की तहसील सिलवानी में सोमवार रात एक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा सागर स्टेट हाईवे-15 पर नकटी नदी, खमेरा जोड़ के पास हुआ, जब बाइक बेकाबू होकर पेड़ से जा टकराई। मृतक की पहचान रामभरोसे आदिवासी, पिता कारण सिंह आदिवासी, निवासी सुल्तानपुर के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक, रामभरोसे केसली थाना क्षेत्र के जूलनपुर से अपने गांव लौट रहा था।

# विशेष अभियान में जिले में 207 मामलों का सौहार्दपूर्ण निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के निर्देशों के अनुसार एक अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक ''राष्ट्र के लिए मध्यस्थता'' नामक एक विशेष अखिल भारतीय अभियान शुरू किया गया।

इस 90 दिवसीय गहन अभियान का उद्देश्य राज्य भर में तालुका न्यायालयों से लेकर उच्च न्यायालयों तक न्यायपालिका के सभी स्तरों पर मध्यस्थता के माध्यम से लंबित मामलों का निपटारा करना था।

अभियान के दौरान, मध्यस्थता के माध्यम से रायसेन जिले में कुल 207 मामलों का सफलतापूर्वक निराकरण किया। सुलझाए मामले विभिन्न श्रेणियों जैसे वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, बेदखली, भूमि अधिग्रहण और अन्य उपयुक्त दीवानी मामलों से संबंधित थे। उक्त में काफी संख्या में लंबे समय से लंबित पुराने मामले भी शामिल थे।

## भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जयंती पर महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर अर्पित किए फूल

# भाजपा कार्यालय में श्रद्धाभाव के माहौल में मनाई महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

महाकाव्य रामायण जी के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती मंगलवार को दोपहर बाद भाजपा जिला कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा भाव के साथ वाल्मीकि जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर फूल अर्पित किए।

इस मौके पर मौजूद पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने वाल्मीकि जी की जयंती पर



संकल्प लिया कि उनके द्वारा रचित पवित्र ग्रंथ रामायण जी के बताए गए मार्ग पर चलकर अनुसरण करते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाएंगे।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राकेश तोमर, महामंत्री राजेश पंथी, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बघेल, कार्यालय मंत्री जीतू ठाकुर, सह कार्यालय मंत्री बबलू ठाकुर, मीडिया प्रभारी सीएल गौर, राजू चौरसिया सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं नगर मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्रवाई कर बनाए 7 प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा विक्रय एवं विनिर्माण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार एवं मंगलवार को सूचनाओं के आधार पर वृत्त के विभिन्न स्थानों नयागांव, गूगलबाड़ा, पथरई, सेमरी, नारादखेड़ा एवं पीपलवाली में दविश देकर आबकारी एसआई वृत्त बरेली राजेश विश्वकर्मा द्वारा सोनिया रायसिख, संगीता धाकड़, कृष्णा बाई रायसिख, गुलाब सिंह रजक, सोनू साहू एवं राजकुमारी रायसिख सहित 6 आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया। वहीं एक आरोपी मौके पर नहीं मिलने पर अज्ञात में प्रकरण कायम कर कुल 7 प्रकरण कायम कर जांच में लिए।

उक्त प्रकरणों में 15 पाव देशी प्लेन मदिरा, 16 पाव देशी मसाला मदिरा, 70 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त की एवं 400 किलो महुआ लाहन जप्त कर मौके पर नष्ट किया। उक्त प्रकरण मप्र आबकारी अधिनियम के तहत कायम किए। जप्त की गई मदिरा एवं लाहन का बाजार मूल्य 56 हजार 800 रुपए आंकलित किया गया।

# वाल्मीकि महासभा के तत्वाधान में महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

वाल्मीकि समाज बाड़ी द्वारा महाकाव्य रामायण के रचनाकार महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव समारोह बड़े हर्षोल्लास पूर्ण महर्षि वाल्मीकि मंदिर बारना कालोनी से विषेश पूजा अर्चना के बाद चल समारोह निकाला गया। अटवाल ऑफिस के पास श्री नगर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष जस्सी अटवाल, मुकुल यादव, अमित साहू, मोनू भाई, नरेंद्र सिंह आदि ने चल समारोह का स्वागत किया।

भगवान लव कुश और वाल्मीकि जी की झांकी आकर्षण अखाड़ों का प्रदर्शन मुख्य केंद्र रहा, जिसमें वाल्मीकि अखाड़ा के कलाकारों द्वारा कलात्मक कलाएं



दिखाई गई एवं बाड़ी नगर वासियों ने जगह जगह फूल वर्षाकर स्वागत किया गया।

चल समारोह में वाल्मीकि जी का नगर वासियों ने पूजा अर्चना की। चल समारोह बारना कालोनी से मुख्य मार्ग नया बस स्टैंड, चिंतामन चौराहा, मंगलवार बाजार से सोसायटी रोड़ होते हुए वापस बारना कॉलोनी में वाल्मीकि मंदिर पर भंडारा प्रसादी ग्रहण कर समापन किया गया, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक एवं समाजिक बंधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# बे-मौसम बारिश ने किसानों के अरमानों पर फेरा पानी



◆ क्षेत्र में कई किसानों की धान फसल आड़ी

◆ किसानों की खेतों में पड़ी सोयाबीन फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

अक्टूबर के पहले सप्ताह में आसमानी आफत का डर अब किसानों की चिंता बढ़ा रहा है। मौसम के लगातार बदल रहे मिजाज से फसलों का नुकसान होना तय है। खेतों में अभी धान की फसल खड़ी है। ऐसे में बरसात से निचले खेतों में पानी भरने से फसल खराब होने व दाना प्रभावित हो सकता है।

रविवार को दोपहर के बाद से लेकर देर रात तक झमाझम बारिश ने दीवानगंज, अंबाड़ी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया, निनोद, बरजोरपुर, सरार, कयामपुर, संग्रामपुर, करैया सहित आसपास के कई गांवों के किसानों की धान की फसल आड़ी हो गई है। जिससे दाना पतला रह जाएगा और किसानों को उपज में नुकसान उठाना पड़ेगा।

वहीं सोमवार-मंगलवार को भी क्षेत्र में सुबह से ही बादल की लुकाछुपी जारी रही। कहीं धूप तो कभी छांव बनी रही।

### किसानों को होगा नुकसान

क्षेत्र में इस साल 90 प्रतिशत धान की रोपाई हो पाई है, जबकि 10 प्रतिशत सोयाबीन किसानों ने इस साल बोया है। सोयाबीन लगभग पककर तैयार हो गया है कई किसानों ने तो सोयाबीन काटकर फसल घर लेकर आ गए, लेकिन कई किसानों का सोयाबीन अभी खेतों में ही खड़ा है। उनको भी इस बारिश ने नुकसान पहुंचा है। साथ ही कई किसानों के खेत की धान आड़ी हो गई है।


## भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा सिलवानी नगर

# आरएसएस का विराट पथ संचलन, पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) द्वारा देशभर में मनाए जा रहे शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सिलवानी तहसील मुख्यालय में मंगलवार को एक भव्य और अनुशासित विराट पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने नगरवासियों में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार कर दिया।

पथ संचलन की शुरुआत नव-निर्मित सिविल अस्पताल परिसर से हुई, जहां सबसे पहले संघ ध्वज फहराया गया। इसके पश्चात ढोल-नगाड़ों और घोष वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि के साथ स्वयंसेवकों का जत्था पूरे जोश और अनुशासन के साथ नगर भ्रमण को निकला। स्वयंसेवकों ने कदम ताल करते हुए भारत माता की जय और वंदे मातरम् जैसे देश



भक्ति नारों से नगर का वातावरण देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

नगर के मुख्य मार्गों, गलियों और चौराहों से गुजरते हुए यह पथ संचलन पुनः अपने प्रारंभिक स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। मार्ग में अनेक स्थानों पर नगरवासियों ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों, व्यापारी वर्ग, महिलाओं और युवाओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस अनुशासित आयोजन की सराहना की।

बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में संघ की भूमिका पर प्रकाश डाला और युवाओं से समाज व देश के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन का आह्वान किया। इस पथ संचलन की विशेषता यह रही कि इसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया, जिससे अनुशासन, एकता और समर्पण की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। यह आयोजन संघ की कार्यशैली, उसकी मूल विचारधारा और राष्ट्रहित के लिए उसके समर्पण का जीवंत उदाहरण बन गया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद रायसेन (म.प्र.)**

क्रमांक/914/ न.पा./ निर्माण / 2025-26, रायसेन, दिनांक 01.10.2025

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक/ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_ UAD_ 455933_1 Dt. 01.10.2025 | Purchasing water purification materials under water supply materials | 365 Days & 40.00 | 5000.00 & 30,000.00 | Dt. 10.11.2025 |
| 02 | 2025_ UAD_ 455934_1 Dt. 01.10.2025 | PURCHASE OF WATER SUPPLY MATERIAL PIPE AND OTHER MATERIAL ETC | 365 Days & 50.00 | 5000.00 & 37,500.00 | Dt. 10.11.2025 |
| 03 | 2025_ UAD_ 455935_1 Dt. 01.10.2025 | PURCHASE OF WATER SUPPLY MATERIAL MOTOR PUMP CABLE ETC | 365 Days & 40.00 | 5000.00 & 30,000.00 | Dt. 10.11.2025 |
| 04 | 2025_UAD_ 455936_ 1 Dt. 01.10.2025 | REPARING OF MOTER PUMP FOR WATER SUPPLY AT NAGAR PALIKA RAISEN | 365 Days & 40.00 | 5000.00 & 30,000.00 | Dt. 10.11.2025 |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(श्रीमति सविता जमना सेन)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रायसेन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद रायसेन